हरिभूमि
# बेमेतरा भूमि
रायपुर, गुरुवार 3 अप्रैल 2025
बेमेतरा | देवकर | नवागढ़ | साजा | परपोड़ी | थानखम्हरिया | नांदघाट


तापमान
अधिकतम 31.5 डिग्री
न्यूनतम 16.8 डिग्री


12 भिलाई संयंत्र में निरंतर कम हो रहे रेगुलर कर्मचारी, ठेका मजदूरों पर ..





13 बिजली कटौती से मिलेगा छुटकारा अलग ...




## लापरवाही : प्रतिबंध के बावजूद नहीं थम रही लापरवाही, साजा ब्लाक के सोमईखुर्द की घटना

# खेतों में फसल अवशेष जलाने लगाई आग, दूसरे की झोपड़ी जलकर खाक

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा

शासन-प्रशासन द्वारा खेतों में फसल अवशेष एवं पराली जलाने प्रतिबन्ध रखा है। लेकिन, इसके बावजूद जिले के अंचल में ग्रामीण निरन्तर फसल अवशेष को जलाने से बाज नहीं आ रहे है। एक ओर जहां पराली जलाने से पर्यावरण प्रदूषित हो रहा है, वहीं खेतों की उपजाऊ क्षमता में भी कमी आती है। इसके साथ ही खेतों में पराली जलाने से आग लगने की घटनाएं भी आए दिन सामने आती रहती हैं। कुछ ऐसा ही मामला जिले के साजा विकासखंड अंतर्गत ग्राम सोमईखुर्द में सामने आया है।

मिली जानकारी के अनुसार बुधवार को एक किसान ने अपने खेत में फसल अवशेष जलाने के लिए उसमें आग लगाई। उसके बाद आग धीरे-धीरे फैलने लगी। देखते ही देखते आग आगे बढ़ते हुए ऊंची-ऊंची लपटों के साथ गाँव के धौराभाठा मार्ग पर स्थित स्थानीय निवासी बल्लू दास जांगडे के



अस्थायी कच्चे मकान तक पहुंच गई। पलक झपकते ही पूरी झोपड़ी आग की चपेट में आ गई। पराली की आग का असर ऐसा था कि गर्मी के सीजन होने से ग्रामीणों को काफी मशक्कत कर आग बुझानी पड़ी। हालांकि आग बुझ जाने के बाद भी अस्थायी मकान का ज्यादातर हिस्सा जलकर धराशायी हो गया। जबकि कच्चे मकान के अंदर की अधिकांश घरेलू उपयोगी सामान आग में जलकर खाक हो गए। आग से स्थानीय ग्रामीण को किसान की ज़रा सी लापरवाही व मनमानी का खमियाजा उठाना पड़ा।

### कार्रवाई नहीं होने के कारण नहीं थम रहीं ऐसी घटनाएं

बहरहाल इसी तरह ज़िले के अनेक इलाकों में कई ग्रामीण अपनी फसल की कटाई के बाद बची हुई पराली व अवशेष को जला रहे हैं, जो काफी चिंताजनक है। जबकि शासन प्रशासन द्वारा इस सम्बंध में उल्लंघन करते पाए जाने पर पर्यावरण संरक्षण अधिनियम के तहत कड़ी दण्डात्मक कार्रवाई के साथ ही जुर्माने तक प्रावधान लागू है। इसके बावजूद कई किसान जागरूकता व सजगता के अभाव में फसल अवशेष को आग के हवाले कर नियम व कायदे-क़ानून की धज्जियां उड़ा रहे हैं। वहीं, सड़क किनारे स्थित खेतों में आए दिन आग लगाए जाने के बाद भी जिम्मेदार अधिकारी-कर्मचारियों द्वारा कार्रवाई नहीं की जा रही है। यही कारण है कि खेतों में पराली जलाए जाने की घटनाओं पर लगाम नहीं लग पा रही है।

# गौ तस्करी रोकने पुलिस ने कसी कमर, की जाएगी सख्त कार्रवाई

- एसएसपी रामकृष्ण साहू ने गौ वंश तस्करों की धरपकड़ करने बनाई विशेष टीम
- दिन के अलावा रात में भी मुस्तैद रहेगी पुलिस
- पुलिस की विशेष टीम के साथ ही गौ सेवकों का भी लिया जाएगा सहयोग



हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा

जिले में गौ वंश की तस्करी मामले में पुलिस अधीक्षक रामकृष्ण साहू ने सख्त रुख अपनाते हुए गौ वंश तस्करी रोकने जिले के विभिन्न थाना/चौकी क्षेत्रों में तस्करी करने वालों की धरपकड़ के लिए जवानों की विशेष टीम गठित की गई है।

गौ वंश तस्करों को पकड़ने के लिए यह टीम रात में जहां तैनात रहेगी, वहीं गौ सेवकों के सहयोग से पुलिस गौ वंश की तस्करी करने वालों के खिलाफ सख्त कारवाई करेगी। पुलिस अधीक्षक रामकृष्ण साहू ने गठित पुलिस टीम के बैठक कर गौ वंश तस्करी रोकने विभिन्न महत्वपूर्ण पहलुओं पर गहन चर्चा की और टिप्स दिए।

एसएसपी श्री साहू ने चर्चा में कहा कि गौ तस्कर बक्से नहीं जाएंगे ओर इसके लिए विशेष टीम गठित किया गया है वे आमजनों एवं गौ सेवकों की मदद से तस्करों पर कारवाई में जुटे रहेंगे। श्री साहू ने कहा कि गौ तस्करी की सूचना मिलते ही तत्काल पुलिस को सूचित करे और गौ तस्करों को पकड़ने के दौरान किसी प्रकार की दुर्घटना या मारपीट जैसी कोई घटना न हो इस पर विशेष ध्यान रखे।

## नवरात्रि विशेष



### षष्ठमः कात्यायनी

मां भगवती का छठा रूप कात्यायनी का है। छठे नवरात्रि को मां की इसी स्वरूप की पूजा होती है। ऐसा विश्वास है कि कात्यायनी के गोत्र में महर्षि कात्यायन हुए थे। उनकी इच्छा थी कि मां भगवती उनके घर पुत्री रूप में जन्म लें। उन्हेंने कठोर तप किया। भगवती ने उनकी प्रार्थना स्वीकार कर उनके घर पुत्री रूप में जन्म लिया। इसलिए उनका नाम कात्यायनी पड़ा। यह भी माना जाता है। कि जब पृथ्वी पर महिषासुर के अत्याचार बहुत बढ़ गए, तब भगवान ब्रह्मा, विष्णु और महेश तीनों ने अपने - अपने तेज का अंश देकर महिषासुर के विनाश के लिए एक देवी को उत्पन्न किया। महर्षि कात्यायन ने सबसे पहले इनकी पूजा की। इस कारण से भी यह कात्यायनी कहलाई। ऐसी भी कथा है कि भगवती महर्षि कात्यायन के घर पुत्री रूप में जन्मी थी। आश्विन कृष्ण चतुर्दशी को जन्म लेकर शुक्ल सप्तमी, अष्टमी और नवमी तक तीन दिन इन्होंने कात्यायन की पूजा ग्रहण कर दशमी को महिषसुर का वध किया था। ऐसी भी कथा है कि कृष्ण को पति रूप में पाने के लिए गोपियों ने कालिंदी-यमुना के तट पर कात्यायनी मां पूजा की थी। यह ब्रजमंडल की अधिष्ठात्री देवी के रूप में प्रतिष्ठित है। कात्यायनी प्रकृति की क्रियात्मक शक्ति है जो मन का तत्वात्मक रूप से संचालन करती है। इनकी आठ भुजाएं हैं। इनका वर्ण स्वर्ण समान है। इनकी पूजा से भक्त इनके पास रहकर परमपद प्राप्त करता है।भगवती कात्यायनी की आराधना का श्लोक है- चंदहासोज्जवलकरा शार्दूलवरवाहना।

## खबर संक्षेप

### प्रयास विद्यालयों की 9वीं कक्षा में प्रवेश के लिए परीक्षा 20 को

**बेमेतरा।** मुख्यमंत्री बाल भविष्य सुरक्षा योजना के अंतर्गत संचालित प्रयास बालक एवं बालिका आवासीय विद्यालयों में कक्षा 9वीं (सत्र 2025-26) में प्रवेश के लिए प्रारंभिक परीक्षा 20 अप्रैल रविवार को आयोजित की जाएगी। परीक्षा से संबंधित प्रवेश पत्र विभाग की आधिकारिक वेबसाइट पर 3 से 20 अप्रैल तक उपलब्ध रहेंगे, जिसे अभ्यर्थी डाउनलोड कर सकते हैं। परीक्षा में शामिल होने वाले छात्रों को परीक्षा के दिन एक घंटे पूर्व केंद्र पर पहुंचना अनिवार्य होगा। उन्हें पूरी तरह डाउनलोड किया हुआ नवीनतम रंगीन प्रवेश पत्र साथ ले जाना होगा। परीक्षा से एक दिन पूर्व ही केंद्र का अवलोकन कर लेने की सलाह दी गई है। परीक्षार्थियों को अपना फोटोयुक्त मूल आधार कार्ड या विद्यालय द्वारा प्रमाणित प्रवेश पत्र लाना अनिवार्य होगा। परीक्षा केंद्र में नकल, ब्लूटूथ डिवाइस, मोबाइल फोन, घड़ी, पर्स, कैलकुलेटर एवं अन्य इलेक्ट्रॉनिक उपकरण ले जाना मना रहेगा।

# मनरेगा की मजदूरी दर बढ़ी, अब 243 की जगह मिलेंगे 261 रुपए

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा

महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी अधिनियम (मनरेगा) के तहत कार्यरत अकुशल श्रमिकों की दैनिक मजदूरी दर में वृद्धि की गई है। भारत सरकार के ग्रामीण विकास मंत्रालय की अधिसूचना के

- नई दर 1 अप्रैल 2025 से लागू हो गई



अनुसार, मजदूरी दर में 18 रुपये की वृद्धि की गई है, जिससे अब श्रमिकों को प्रतिदिन 243 रुपये के स्थान पर 261 रुपये का भुगतान किया जाएगा। यह नई दर 01 अप्रैल 2025 से लागू हो गई है, जिससे जिले के हजारों पंजीकृत श्रमिकों को सीधा लाभ मिलेगा।

मुख्य कार्यपालन अधिकारी टेकचन्द्र अग्रवाल ने बताया कि बेमेतरा जिले में मनरेगा के अंतर्गत कार्यरत सभी अकुशल श्रमिकों को अब 261 रुपये प्रतिदिन मजदूरी मिलेगी। यह दर महिला और पुरुष दोनों श्रमिकों के लिए समान रूप से लागू होगी, जिससे श्रमिकों को आर्थिक संबल मिलेगा और उनकी आजीविका में सुधार होगा। मजदूरी दर में वृद्धि को प्रभावी ढंग से लागू करने के लिए जिले की सभी जनपद पंचायतों एवं निर्माण एजेंसियों को आवश्यक निर्देश जारी कर दिए गए हैं। साथ ही, इस निर्णय की व्यापक जानकारी आमजन तक पहुँचाने के लिए भी संबंधित अधिकारियों को प्रचार-प्रसार करने के निर्देश दिए गए हैं, ताकि अधिक से अधिक श्रमिक इस लाभ से अवगत हो सकें और योजना का पूरा लाभ उठा सकें। इस मजदूरी वृद्धि से श्रमिकों की क्रय शक्ति बढ़ेगी, जिससे ग्रामीण अर्थव्यवस्था को भी मजबूती मिलेगी।

# बंद पत्थर खदान में नहाने गए अधेड़ की डूबने से मौत

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा

साजा थाना अंतर्गत ग्राम मोहभट्ठा के पत्थर खदान में मंगलवार की शाम नहाने के दौरान गहराई में चले जाने से एक अधेड़ व्यक्ति की डूबने से मौत हो गयी। जिसकी पहचान दुर्ग ज़िला व सुपेला थाना अंतर्गत खम्हरिया भाठा निवासी विनोद बारले पिता बोधन दास बारले के रूप में

- ग्राम मोहभट्ठा में पारिवारिक कार्यक्रम में शामिल होने आया था खम्हरिया भाठा निवासी विनोद बारले



साजा पुलिस द्वारा की गई है। बताया जा रहा है कि मृतक विनोद बारले मोहभट्ठा के अंकलहा दास के घर में हो रहे परिवारिक कार्यक्रम में शामिल होने आया था, जो मंगलवार की शाम साढ़े 04 बजे के करीब अपने कुछ दोस्तों के साथ मोहभट्ठा के बंद पत्थर खदान में नहाने के लिए आया। इसी बीच नहाते वक्त वह गहराई में उतर गया, जिससे गहराई में तैर नहीं पाने ▶▶| शेष पेज 13 पर

# आयुष्मान वय वंदना कार्ड बनाने जिले में तीन दिन चलाया जाएगा महा अभियान

**बेमेतरा।** जिले में 70 वर्ष से अधिक उम्र के वरिष्ठ नागरिकों को स्वास्थ्य सुरक्षा देने के उद्देश्य से आयुष्मान वय वंदना कार्ड बनाने के लिए तीन दिवसीय महाअभियान चलाया जाएगा।

वर्तमान में नगर निकायों में 3705 पात्र हितग्राहियों में से केवल 1021 का पंजीकरण हुआ है, जिसे शत-प्रतिशत करने का लक्ष्य रखा गया है। अभियान के तहत नगर निकायों के कर्मचारी, वीएलई (कॉमन सर्विस सेंटर), सामाजिक संगठनों और अन्य हितधारकों के माध्यम से पात्र नागरिकों का कार्ड बनाया जाएगा। इसके लिए मुख्य नगर पालिका अधिकारी को नोडल अधिकारी और विकासखंड चिकित्सा अधिकारी को सहायक नोडल अधिकारी नियुक्त किया गया है। नगर निकायों में घर-घर जाकर पात्र नागरिकों की सूची तैयार करने, उनकी निगरानी करने और वय वंदना कार्ड बनाने की जिम्मेदारी ▶▶| शेष पेज 13 पर

- नगर निकायों में 3705 पात्र हितग्राहियों में से अब तक केवल 1021 ने कराया पंजीकरण

## ओपन स्कूल परीक्षा केंद्रों के निरीक्षण के दौरान उड़नदस्ता के अधिकारियों ने मांगा स्पष्टीकरण

# 12 दिन से अनुपस्थित सीएसी को नोटिस

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा

राज्य ओपन स्कूल की आयोजित हायर सेकेंडरी स्कूल सर्टिफिकेट परीक्षा में बुधवार कक्षा 12वीं के भौतिक शास्त्र विषय था। उड़नदस्ता की टीम जिले में चल रहे ओपन हाई/हायर सेकंडरी स्कूल सर्टिफिकेट परीक्षा तथा लोकल कक्षा पहली, दूसरी, तीसरी, चौथी, छठवीं तथा सातवीं कक्षाओं का चल रहे विभिन्न परीक्षा केन्द्रों का ताबड़तोड़ निरीक्षण किया।

ओपन स्कूल कक्षा बारहवीं के भौतिक शास्त्र विषय के परीक्षा केंद्र का आकस्मिक निरीक्षण किया गया। सर्वप्रथम शासकीय प्राथमिक शाला ढोलिया का निरीक्षण किया गया। जिसमें प्रधान पाठक विनोद सेन सहित अन्य स्टाफ उपस्थित थे। यहाँ छात्रों की कुल दर्ज संख्या 104 में से



100 विद्यार्थी उपस्थित पाये गये एवं 04 विद्यार्थी अनुपस्थित रहे। इसी प्रकार शासकीय पूर्व माध्यमिक शाला झाल, शासकीय प्राथमिक शाला झाल में प्रधान पाठक पोखन साहू सहित अन्य स्टाफ उपस्थित रहे। यहाँ छात्रों की कुल दर्ज 191 में से 175 छात्र उपस्थित पाये गये एवं 16 छात्र अनुपस्थित रहे। शासकीय बालक उच्चत्तर माध्यमिक स्कूल नवागढ़ में छात्रों की कुल दर्ज संख्या 34 में से 32 उपस्थित रहे। तथा 2 अनुपस्थित रहे। शासकीय प्राथमिक स्कूल बिरसिंघी संकुल बैहरसरी में छात्रों की कुल दर्ज संख्या 66 में से 61 छात्र उपस्थित पाये गये एवं 5 छात्र अनुपस्थित रहे। पदस्थ तीन शिक्षक में से दो उपस्थित एवं एक जितेन्द्र कुमार सिन्हा सहायक शिक्षक एलबी (संकुल शैक्षिक समन्वयक) शासकीय कार्यों के हवाले से 21 मार्च 2025 से आज पर्यंत तक अनुपस्थित पाए गए हैं। इस संबंध में उन्हें स्पष्टीकरण जारी किया गया।

ओपन परीक्षा केंद्र शासकीय बालक उच्चतर माध्यमिक स्कूल दाढ़ी विषय भौतिक शास्त्र में कुल दर्ज 07 में से 06 विद्यार्थी उपस्थित रहे एवं 01 अनुपस्थित रहे। सभी जगह परीक्षा शान्तिपूर्ण एवं सुव्यवस्थित ढंग से परीक्षा संचालित पाया गया तथा किसी भी केन्द्र में कोई भी नकल का प्रकरण दर्ज नहीं हुआ है। उड़नदस्ता टीम में शिक्षा विभाग के बोर्ड परीक्षा के जिला नोडल अधिकारी एसपी कोशले, एपीसी भूपेन्द्र कुमार साहू, रेणुका अग्रवाल, अनिल लहरे साथ में थे।




